EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

## प्रेस विज्ञप्ति

## 19 से 21 अगस्त 2024 तक आयोजित यूएसए के सबसे बड़े व्यापार शो में से एक - "सोर्सिंग एट मैजिक", लास वेगास, यूएसए, में ईपीसीएच ने शानदार उपस्थिति दर्ज कराई

### मैजिक 2024 में हस्तनिर्मित फैशन की जीवंतता का परिचय कराया गया

**दिल्ली/एनसीआर - 19 अगस्त'2024** – अमरीका के लास वेगास में "सोर्सिंग एट मैजिक" 2024 में शुरू हुआ और इसका आयोजन 21 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। सोर्सिंग एट मैजिक, 2024 में भारतीय पवेलियन का उद्घाटन अमरीका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास के महावाणिज्य दूत डॉ. के. श्रीकर रेड्डी ने किया। इस अवसर पर अमरीका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास के वाणिज्य दूत श्री अभिषेक शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के. वर्मा ने सूचित किया कि 19 अगस्त 2024 को लास वेगास कन्वेंशन सेंटर, लास वेगास, यूएसए में हुए इस उद्घाटन के अवसर पर अमरीका में प्रतिष्ठित सदस्य निर्यातकों और व्यापार आगंतुकों की भी उपस्थिति रही।

अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. के. श्रीकर रेड्डी ने अन्य अधिकारियों के साथ ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का दौरा किया, प्रतिभागियों के साथ बातचीत की और "सोर्सिंग एट मैजिक" में भारतीय हस्तनिर्मित फैशन आभूषण और सहायक उपकरण की विशाल विविधता के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा कि "सोर्सिंग एट मैजिक" भारतीय हस्तशिल्प की अद्वितीय सुंदरता और शिल्प कौशल को प्रदर्शित करने वाला एक महत्वपूर्ण व्यापार शो है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में परिषद की मजबूत उपस्थिति भारतीय हस्तशिल्प निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार तक पहुंच बढ़ाने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा, मेले में फैशन आभूषण, फैशन सहायक उपकरण, शॉल, स्कार्फ और स्टोल, फैशन बैग, चमड़े के जूते और सहायक उपकरण की एक विविध श्रृंखला होगी जो अद्वितीय भारतीय परंपराओं को दर्शाती है।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के वर्मा ने बताया कि इस संस्करण में 950 से अधिक भारतीय कंपनियां अपने विविध उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 10 हजार से अधिक व्यापार आगंतुकों के शो में आने की उम्मीद है। संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रमुख बाजार है और इसलिए "सोर्सिंग एट मैजिक", लास वेगास, संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया भर में भारतीय हस्तशिल्प कंपनियों के लिए एक मार्केटिंग का महत्वपूर्ण माध्यम है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका को भारत का हस्तशिल्प निर्यात रु. 13,381.07 करोड़ रुपए (1,616.12 मिलियन अमरीकी डालर) रहा है। इस मेले में भारत पर फोकस होने से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम, लाइफस्टाइल, टेक्स्टाइल, फर्नीचर और फैशन जूलरी एवं एक्सेसरीज के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 32,758 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा।

———————————————————————————————————————————————

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच
+91-9810697868

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

**PRESS RELEASE**

**EPCH Marked Presence in one of the biggest trade shows of USA- "Sourcing at Magic", Las Vegas, USA, 19-21 August 2024**

**Brings Handcrafted Fashion to Life at MAGIC 2024**

**Delhi/NCR – 19th August'2024** – "Sourcing at Magic", 2024 was underway at Las Vegas, USA and will conclude on 21st August' 2024. The India Pavilion in Sourcing at Magic, 2024 got inaugurated by Dr. K. Srikar Reddy, Consul General, Consulate General of India, San Francisco, USA in the presence of Shri Abhishek Sharma, Consul, Consulate General of India, San Francisco, USA; eminent member exporters and trade visitors at Las Vegas Convention Centre, Las Vegas, USA on 19th August, 2024 informed, Mr. R. K. Verma, Executive Director –EPCH.

Dr. K. Srikar Reddy, Consul General of India at San Francisco, USA along with the other officials visited EPCH India pavilion, interacted with participants and were delighted with the large variety of Indian handcrafted fashion jewellery and accessories display in "Sourcing at Magic".

Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH said that "Sourcing at Magic" is a significant trade show to showcase the unparalleled beauty and craftsmanship of Indian handicrafts. Council's presence at this esteemed event reflects our dedication towards expanding market access for Indian Handicrafts exporters. He further added, fair will feature a diverse array of Fashion Jewelleries, Fashion Accessories, Shawls, Scarves & Stoles, Fashion Bags, Leather footwear & Accessories each reflecting the unique Indian traditions.

Mr. R. K. Verma, Executive Director–EPCH informed India's participation will familiarise global manufacturers, retailers, and brands with the vibrant entrepreneurship in the fashion jewellery and accessories opening up opportunities for sourcing from India. In this edition over 950 Indian companies are exhibiting and 10000+ trade visitors are expected to visit the show. USA is major market for Indian Handicraft products and hence "Sourcing at Magic", Las Vegas, USA is an important marketing medium for Indian Handicrafts companies world over. India's exports of handicrafts to the USA during the year 2023-24 was Rs. 13,381.07 Crores (US $ 1,616.12 Million). Focus on India at this fair will help in further boosting exports.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal agency for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,758 Crores (US $ 3,956 Million) informed Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English version and photos




**Photo 1:** EPCH India Pavilion was inaugurated by Dr. K. Srikar Reddy, Consul General, Consulate General of India, San Francisco, USA in the presence of Shri Abhishek Sharma, Consul, Consulate General of India, San Francisco, USA; eminent member exporters and trade visitors at EPCH India Pavilion in Sourcing at Magic, Las Vegas, USA.




**Photo 2:** Dr. K. Srikar Reddy, Consul General, Consulate General of India, San Francisco, USA interacted with member participants at EPCH India pavilion during Sourcing at Magic, Las Vegas, USA.